दोपहर समाचार

28.01.2025 आकाशवाणी भोपाल 2.10 PM

प्रादेशिक समाचार

## मुख्यमंत्री जापान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान दौरे के पहले दिन टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोयोटा को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया और विशेष रूप से तकनीकी नौकरियों में युवाओं के प्रशिक्षण और सशक्तिकरण के लिए संभावनाओं पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले जापान के टोक्यो में एडोगावा सिटी स्थित गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि बापू के आदर्श आज भी पूरी दुनिया में लोगों को प्रेरित करते है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री जापान के चार दिवसीय दौरे पर हैं। उनका दौरा 31 जनवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री का यह दौरा 'इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश' अभियान का प्रमुख हिस्सा है, जो फरवरी में भोपाल में आयोजित होने वाले 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' के लिए है।

## महाकुंभ-मौनी अमावस्या

उत्तर प्रदेश सरकार ने मौनी अमावस्या के मद्देनजर कल महाकुंभ, प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था कडी कर दी है। सरकार ने मजबूत सात स्तरीय सुरक्षा योजना लागू की है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि महाकुंभ क्षेत्र को नो-वीआईपी जोन घोषित किया गया है।

## इंदौर पुरातत्व प्रदर्शनी

संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा दुर्लभ अभिलेखों एवं छायाचित्रों की छह दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन आज से केन्द्रीय संग्रहालय इंदौर में किया गया है। प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश की रियासत कालीन अभिलेखीय

विरासत की झलक प्रस्तुत की गई है। इसमें तत्कालीन राजनैतिक घटनाओं, प्रशासनिक निर्णयों तथा अन्य विषयों के साथ-साथ इंदौर शहर का नक्शा, महाराजा यशवंतराव का वायसराय को बधाई संदेश, होलकर राज परिवार का वंशवृक्ष, महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह के संबंध में पत्र, जैसे विभिन्न दस्तावेज प्रदर्शित किये गये है।

**प्रधानमंत्री-ओडिशा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भुबनेश्वर में उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। उत्कर्ष ओडिशा, राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रमुख वैश्विक निवेश सम्मेलन है।

श्री मोदी ने अनुसंधान और नवाचार के लिए मजबूत ढांचा तैयार करने की सरकार की वचनबद्धता दोहरायी और उद्योग जगत से अपील की कि वह इस दिशा में सरकार के साथ सहयोग करे।

**सौरभ शर्मा गिरफ्तार**

आरटीओ डिपार्टमेंट के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा को सरेंडर होने से पहले ही लोकायुक्त ने गिरफ्तार कर लिया है। लोकायुक्त पुलिस गिरफ्तार करने के बाद उन्हें पुराने शहर स्थित लोकायुक्त कार्यालय लेकर पहुंची है। गौरतलब है कि सौरभ शर्मा के दफ्तर और घर पर पिछले दिनों की गई कार्रवाई में 52 किलोग्राम सोना और 10 करोड रुपए कैशसहित बड़ी मात्रा में सम्पदा मिली थी ।

**मौसम**

प्रदेश में तेज ठंड का दौर जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने बारिश की संभावना भी जताई है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से कल भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत करीब 15 जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि, तेज बारिश होने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी हवाओं की वजह से प्रदेश में पिछले 4 दिन से ठंड पड़ रही है। आज ठंड से कुछ राहत मिल सकती है। दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

**क्रिकेट**

**क्रिकेट में, भारतीय पुरुह टीम आज गुजरात के राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगी। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे चल रही है।**

**समाचार संक्षेप में....**

**1. रतलाम में आज भारतीय पैकेजिंग संस्थान मुंबई द्वारा रतलाम के उद्योगपतियों के लिए पैकेजिंग टेक्नोलॉजी पर दो दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।**

**2. बैतूल में जनवरी माह के दूसरे पखवाड़े में मक्का के दाम में गिरावट आने से मक्का की आवक आधी हो गयी है। 15 जनवरी के बाद मक्का के दाम 62 रूपए प्रति क्विंटल कम हो गए है।**

**3. शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।**

**4. सागर जिले के राहतगढ़ में कार और ट्राले की भिड़ंत में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर घायल हुए हैं। ये सभी धार जिले के धामनोद -धरमपुरी क्षेत्र से प्रयागराज जा रहे थे।**